Translation of A Simpler way to Bisect an Angle_CoMac_From Azim premji University At Right Angles_March, 2017

कक्षा में

किसी कोण को समद्विभाजित करने का एक सरल तरीक़ा

कोमैक

आमतौर पर स्केल और परकार का उपयोग करके किसी कोण का समद्विभाजक खींचना उच्च प्राथमिक स्तर के मानक ज्यामितीय पाठ्यक्रम का हिस्सा होता है। इस कार्य को करने की एक मानक प्रक्रिया है, जो कि इतनी सरल है कि इसके लिए एक ऐसा विकल्प सोचना बहुत मुश्किल कार्य होगा जो इससे ज़्यादा सरल न भी हो, तो कम-से-कम इसके जितना सरल तो हो ही। एक ट्विटर पोस्ट में ऐसी एक सरल प्रक्रिया बताई गई है।




Figure 1

वास्तव में इसे बिना किसी शब्द के चित्रित किया जा सकता है। चित्र में कोण $\angle ABC$ को समद्विभाजित करना है। चित्र में दर्शाए अनुसार *B* को केन्द्र मानकर *DE* एवं *FG* दो चाप बनाइए । फिर *DG* एवं *FE* रेखाखण्ड खींचिए और उनको *I* पर प्रतिच्छेद करने दीजिए। किरण *BI* खींचिए। यह अभीष्ट कोण समद्विभाजक है।

सन्दर्भ

1. Solve my maths (Twitter), A simpler way to bisect an angle using a compass;

https://twitter. com/solvemymaths/status/776842316938113024?s=03

कम्युनिटी मैथमैटिक्स सेंटर (कोमैक) ऋषिवैली एजुकेशन सेंटर एवं सह्याद्रि स्कूल (केएफआई) की आउटरीच शाखा है। यह सेंटर गणित-शिक्षण की कार्यशालाएँ आयोजित करता है और विभिन्न ग़ैर-सरकारी संगठनों और राज्य सरकारों के लिए शिक्षण-सामग्री तैयार करने का कार्य करता है कोमैक से shailesh.shirali@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

अनुवाद : रिद्धि अग्रवाल
पुनरीक्षण एवं कॉपी-एडीटिंग : कविता तिवारी
सम्पादन : राजेश उत्साही